MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः3 : अंकः126 ग्वालियर,16 जनवरी मंगलवार 2023 पृष्ठः 8 मूल्यः 2

## एक बार फिर मोदी सरकार, दिल्ली में वॉल राइटिंग कर बोले जेपी नड्डा

बीजेपी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार (15 जनवरी) से विधिवत दीवार लेखन कर चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में वॉल राइटिंग की शुरुआत की. उन्होंने खुद दीवार पर पार्टी के प्रतीक चिह्न ÷कमल÷ में रंग भरा.इस दौरान बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने मीडिया से भी बात की. उन्होंने देश में एक बार फिर नरेंद्र मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया. JP नड्डा के इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय BJP कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहें.




**एक बार फिर मोदी सरकार**-मीडिया से बातचीत में जेपी नड्डा ने कहा, आज से 'एक बार फिर मोदी सरकार' के नारे के साथ हमारा देशव्यापी 'दीवार लेखन' कार्यक्रम शुरू हो गया है. भारत के लोगों से हमारी अपील है कि वे फिर से मोदी सरकार बनाएं, देश को आगे बढ़ाएं. नड्डा ने कहा कि देश में स्थिरता और स्थिर सरकार की जरूरत है इसलिए इस 'दीवार लेखन' कार्यक्रम के माध्यम से हम भारत के लोगों से 'एक बार फिर मोदी सरकार' की अपील करते हैं.जे पी नड्डा ने सोमवार दोपहर को नई दिल्ली के लोधी कॉलोनी स्थित मेहर चंद मार्केट से वॉल राइटिंग कार्यक्रम की शुरुआत की है. इसके साथ ही आज से पार्टी की ओर से पूरे देश में दीवार लेखन का कार्यक्रम शुरू हो जाएगा. बीजेपी इस अभियान के जरिए मोदी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार कर लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने की कोशिश करेगी.

**400 से अधिक सीटें जीतने का है लक्ष्य**-2024 के लोक सभा चुनाव में 50 प्रतिशत वोट के साथ 400 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ बीजेपी चुनाव प्रचार में उतर चुकी है. पार्टी ने चुनाव की आधिकारिक घोषणा होने से पहले ही कई महत्वपूर्ण अभियान चलाने की योजना भी तैयार की है. इनमें से एक वॉल राइटिंग अभियान भी है जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की है.

## सीएम में मोहन यादव सरकार ने राम वन गमन पथ के निर्माण के लिए कसी कमर, 16 जनवरी को अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

देश में एक तरफ अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव चल रहा है, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश की नई सरकार राम वन गमन पथ के निर्माण को अपनी पहली प्राथमिकता बताई है. मोहन यादव सरकार ने प्रदेश की सबसे बड़ी आध्यात्मिक परियोजना श्री राम वन गमन पथ पर ध्यान केंद्रित किया है. मंगलवार (16 जनवरी) को सीएम मोहन यादव ने प्रदेश के वरिष्ठ अफसरों के साथ चित्रकूट में श्री राम वन गमन पथ न्यास की पहली बैठक में शामिल होंगे.बताया जा रहा है कि पिछले साल अगस्त में श्री राम वन गमन पथ न्यास के गठन के नोटिफिकेशन के बाद चित्रकूट के ग्रामोदय विश्वविद्यालय में ये पहली बैठक हो रही है. 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले मध्य प्रदेश में हो रही इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है. इस बैठक में चित्रकूट में कई घाटों के विकास कार्य पर बनी डीपीआर के साथ ही गुरुकुल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना को लेकर भी अधिकारी प्रेजेंटेशन देंगे.

**कैसा है न्यास का स्वरूप**-पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान सरकार की मंत्रि-परिषद ने पिछले साल अगस्त माह में श्री रामचन्द्र वन पथ गमन वाले अंचलों के विकास के लिये ÷श्री रामचन्द्र पथ गमन न्यास÷ के गठन की स्वीकृति दी थी. न्यास में 33 सदस्य है. इसमें 28 पदेन न्यासी और 5 अशासकीय



न्यासी सदस्य है. अशासकीय न्यासियों का अधिकतम कार्यकाल 3 साल होगा. न्यास की गतिविधियों के संचालन के लिये समय-समय पर विशेषज्ञ समितियों का गठन किया जा सकेगा. न्यास की संस्थागत व्यवस्था के लिए संस्कृति विभाग सक्षम होगा. न्यास के सुचारू संचालन के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई गठित की जाएगी. इकाई में अधिकारियों और कर्मचारियों के कुल 7 पद होंगे.

**इन जिलों का किया है चयन**-न्यास की गतिविधियों के संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित 32 नए पद के सृजन की स्वीकृति दी गई है, जिस पर एक करो? 57 लाख रुपये से अधिक वार्षिक वित्तीय भार आयेगा. गौरतलब है पिछले एक दशक से इस पथ के निर्माण की बात की जा रही है, लेकिन किसी न किसी अवरोध के कारण मामला अटक जाता था. इसके लिए अनेक सर्वे और अध्ययन किये जा चुके हैं. सर्वे में मध्य प्रदेश के दस जिलों सतना, विदिशा, होशंगाबाद, जबलपुर, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, पन्ना, उमरिया और रीवा का चयन राम वन गमन पथ का निर्धारण किया गया था.

**भगवान राम को पहुंचे थे भरत** -चित्रकूट में भगवान श्रीराम के दुर्लभ प्रमाण हैं. यहां राम को मनाने के लिए भरत अपनी सेना के साथ पहुंचे थे. यहीं से वह राम की चरण पादुका लेकर लौटे. यहां भगवान श्रीराम, पत्नी सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ साढ़े ग्यारह साल रहे. इसके बाद सतना, पन्ना, शहडोल, जबलपुर, कटनी, अनूपपुर, रीवा आदि के वन क्षेत्रों से होते हुए वह दंडकारण्य चले गये.

**अयोध्या से शुरू होता है मार्ग**-राम वन पथ गमन मार्ग उत्तर प्रदेश के अयोध्या से चित्रकूट हुए मध्य प्रदेश में प्रवेश कर गया

## एक नजर

### इंडिगो के पायलट के साथ मारपीट पर ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले- अस्वीकार्य है, विमान में देरी को लेकर भी दिया बयान




दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार (14 जनवरी) को इंडिगो एयरलाइंस के पायलट को साहिल कटारिया नाम के शख्स ने मुक्का मार दिया. इस घटना का वीडियो भी सामने आया. मामले पर केंद्रीय सिविल एविएशन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रतिक्रिया दी है.ः मुताबिक, उन्होंने कहा, ÷कोहरे की वजह से उड़ान में देरी हो रही है और इसको लेकर जो अनियंत्रित व्यवहार की घटनाएं सामने आ रही हैं वो अस्वीकार्य हैं. उड़ान संचालन पर कोहरे से संबंधित प्रभाव को कम करने के लिए सभी हितधारक 24 घंटे काम कर रहे हैं.÷ उन्होंने आगे कहा, ÷खराब व्यवहार की घटनाएं अस्वीकार्य हैं और इससे मौजूदा कानूनी प्रावधानों के अनुरूप सख्ती से निपटा जाएगा.÷

**क्या है पूरा मामला**-दरअसल, दिल्ली एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट उड़ान भरने जा रही थी. उसी वक्त को-पायलट अनूप कुमार फ्लाइट टेक ऑफ करने में देरी की घोषणा कर रहे थे. तभी साहिल कटारिया नाम का शख्स अपनी सीट से उठा और उनकी ओर आगे बढ़ते हुए मुक्का मार दिया. इस घटना को सह-यात्री ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया. इसके बाद रविवार शाम से ही घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.

**आरोपी साहिल ने मांगी माफी**-दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में एक शिकायत मिली है और जरूरी कानूनी कार्रवाई की जा रही है. पुलिस के मुताबिक, इंडिगो विमान के को-पायलट और अन्य स्टाफ ने साहिल कटारिया के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है.

वहीं, मामले पर ओरोपी ने को-पायलट से माफी भी मांगी है. इससे जुड़ा भी एक वीडियो सामने आया है जिसमें अधिकारी साहिल को विमान के बाहर लेकर जा रह हैं, तभी वो विमान के बाहर खड़े पायलट अनूप कुमार को देखता है और उनकी ओर बढ़ने की कोशिश करता है. वो अपने दोनों हाथ जोड़कर पायलट से कहता है कि सर आपसे मैं सॉरी बोलता हूं. इसके जवाब में एक यात्री कहता है कि नो सॉरी.

### पुजारियों ने मंदिर बनाए, राजाओं ने जश्न मनाया, राम मंदिर पर DMK सांसद के बयान पर तेलंगाना की राज्यपाल नाराज




तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को राजनीतिक कार्यक्रम कहने पर डीएमके सांसद टीआर बालू की आलोचना की. राज्यपाल ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने में विपक्ष की अनिच्छा के पीछे के उद्देश्यों पर सवाल उठाते हुए उन पर इस खास दिन का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया.राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने सोमवार (15 जनवरी) को कहा, वे इसमें भाग नहीं ले रहे, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह एक राजनीतिक उत्सव है. निमंत्रण के बावजूद, वे इसमें शामिल नहीं हो रहे हैं. यह भगवान का उत्सव है, यह प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक लंबा सपना है.÷ उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरणों का हवाला दिया, जिसमें मंदिरों के निर्माण और उत्सव में तमिल राजाओं और सम्राटों की भागीदारी भी शामिल थी.तमिल संस्कृति की दिलाई याद-तमिलिसाई सुंदरराजन ने कहा, ÷सभी तमिल राजाओं और सम्राटों ने मंदिरों का निर्माण किया, भले ही मंदिर पुजारियों की ओर से बनाया गया हो, यह राजा ही थे जिन्होंने इसे शुरू किया और सबसे पहले त्योहारों को भी आगे बढ़ाया. कुंभाभिषेक की शुरुआत उनकी ओर से ही की गई थी. जब तमिल संस्कृति ऐसी ही रही है, फिर वे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने पर आपत्ति कैसे कर सकते हैं. यह उनका राजनीतिकरण है.

**क्या कहा था टीआर बालू ने**-बता दें कि डीएमके सांसद टीआर बालू ने 22 जनवरी को आयोजित होने वाले प्राणप्रतिष्ठा समारोह के बारे में आपत्ति व्यक्त की थी और कहा था कि इसका इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है. टीआर बालू ने कहा था, ÷अयोध्या राम मंदिर का उद्घाटन कोई आध्यात्मिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक राजनीतिक कार्यक्रम है. 2014 में सत्ता में आने के बाद से भाजपा ने अपने चुनावी वादे पूरे नहीं किए हैं. पार्टी को अपने वादे पूरे न करने का कोई मलाल नहीं है

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कल से शुरू होगी पूजन विधि, 150 से 200 किलोग्राम है प्रतिमा का वजन



*रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या में तैयारी जोर-शोर से चल रही है. इस बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजन विधि कल (मंगलवार, 16 जनवरी) से प्रारंभ हो जाएगी.चंपत राय ने आगे कहा कि यह पूजन विधि 21 जनवरी तक चलेगी. उन्होंने कहा, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होकर 1 बजे तक पूरी हो जाएगी. इसको लेकर प्लानिंग की जा रही है.*

***चंपत राय ने क्या कहा***-*चंपत राय ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चीफ मोहन भागवत अपने मनोभाव प्रकट करेंगे.उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आगे कहा कि राम भगवान की प्रतिमा 150 से 200 किलोग्राम की है. दरअसल, 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह है. इसमें विभिन्न क्षेत्र से आने वाली हस्तियां भी शामिल होगी.*

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मंच पर आते ही राहुल गांधी ने मांगी माफ



मणिपुर के थौबल से रविवार (14 जनवरी) को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हो गई. इस यात्रा के शुरू होने से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित भी किया. उन्होंने मंच पर सबसे पहले वहां मौजूद लोगों से मांफी मांगी.

**राहुल गांधी ने क्यों मागी मांफी**-राहुल गांधी ने लोगों की तरफ इशारा करते हुए कहा, ÷दिल्ली में कोहरे की वजह से हमारी फ्लाइट लेट हो गई. हमें पता है कि आप लोग सुबह से हमारा इंतजार कर रहे हैं. आप लोग परेशान हो गए, इसलिए मैं आपसे माफी मांगता हूं.कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने संबोधन के दौरान केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा, ÷मणिपुर में भाई-बहन, माता-पिता मारे गए, लेकिन आज तक पीएम मोदी आपके आंसू पोंछने नहीं आए, ये शर्म की बात है. हम कश्मीर से कन्याकुमारी तक चले, हमने भारत को जोड़ने की बात की, नफरत मिटाने की बात की, लाखों लोगों से बातचीत की और उनका दर्द सुना.÷

**हम समझते हैं मणिपुर का दर्द- राहुल गांधी**-बीजेपी पर आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस के लिए मणिपुर भारत का हिस्सा नहीं है. उन्होंने कहा, ÷हम मणिपुर के लोगों का दर्द समझते हैं. हम आपसे वादा करते हैं कि हम इस राज्य में शांति लाएंगे. भारत जोड़ो यात्रा में हम सुबह 6 बजे चलते थे और 7 बजे खत्म करते थे. हम आपकी बात सुनते हैं. आपको मन की बात नहीं बताना चाहते हैं. हम आपके साथ मिलकर भाईचारे का विजन पूरे हिंदुस्तान के सामने रखने जा रहे हैं.÷

**पहले जैसा नहीं मणिपुर**-राहुल गांधी ने कहा, ÷मैं 29 जून 2023 को मणिपुर आया था और उस विजिट के दौरान मैंने जो देखा और सुना वो पहले कभी नहीं देखा, कभी नहीं सुना था. मैं साल 2004 से राजनीति में हू

## प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पीएम मोदी से की मुलाकात, कहा- बाबा के प्रति उनका सम्मान कम नहीं हुआ

पूर्व राष्टपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा राष्टपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार (15 जनवरी) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस दौरान शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपनी पुस्तक 'प्रणब माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स' बुक पीएम मोदी को भेंट की. शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पीएम मोदी से मुलाकात की फोटो शेयर कर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मैंने उन्हें अपनी पुस्तक प्रणब माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स की कॉपी दी. वह हमेशा की तरह मेरे प्रति दयालु



थ` और बाबा के प्रति उनका सम्मान कम नहीं हुआ. धन्यवाद सर

**दावे किए हैं**-शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपनी पुस्तक 'प्रणब माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स' में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को लेकर दावा किया है. मुखर्जी ने किताब में लिखा है कि उनके पिता (प्रणब मुखर्जी) ने एक बार उनसे कहा था कि राहुल गांधी सवाल तो बहुत करते हैं, लेकिन अभी उनमें परिपक्वता नहीं है. मुखर्जी ने बुक में लिखा है कि एक बार उन्होंने पिता से सवाल किया कि क्या वो प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे? इसको लेकर दिवंगत प्रणब मुखर्जी ने कहा कि वो मुझे पीएम नहीं बनाएगी.

## पीएम जनमन लाभार्थी से प्रधानमंत्री मोदी ने पूछे सवाल, झिझकने पर कहा- चिंता मत करो, हम खाने नहीं आएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार (15 जनवरी) को जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान कार्यक्रम की शुरुआत की. पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आदिवासी महिलाओं से उनको मिलने वाली योजनाओं की जानकारी भी ली. साथ ही लाभार्थियों से हल्के फुल्के मजाक के लहजे में बातचीत की, जसिको सुनकर महलिाएं मुस्कुराती हुई भी नजर आईं. पीएम मोदी ने जनमन योजना की एक लाभार्थी से एलपीजी गैस सलिंडर व चूल्हा आने के बाद जीवन में आए बदलावों पर




अनुभव साझा करने को कहा. उनसे पूछा कि इससे दैनकि जीवन में किस तरह के बदलाव आएं हैं इस पर महलिा ने जवाब दयिा कि पहले जंगल से लकड़ी एकत्र कर खाना बनाते थे. अब बहुत आसान हो गया है.

**मिट्टी के चूल्हे पर खाना पकाना मुश्किल होता होगा**-इस पर पीएम मोदी ने कहा कि गैस आने के बाद तो आपने नई-नई चीजें पकाना शुरू कर दिया होगा, जिन्हें मिट्टी के चूल्हे पर बनाना मुश्किल होता था. अब तो काफी बन पाता होगा. महिला ने जवाब देते हुए कहा कि जल्दी खाना बन जाता है.

## कश्मीर की मुस्लिम छात्रा ने गाया राम भजन, वीडियो हुआ वायरल, कहा- प्राण प्रतिष्ठा में हम भी उत्साह से बन रहे हिस्सा



*राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अब बस एक हफ्ते का वक्त बचा हुआ है. भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में बसे भारतीय भी इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. लोगों को भजन गाकर इस मौके का जश्न मनाते हुए देखा जा सकता है. समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, ऐसा ही एक राम भजन उरी की रहने वाली एक मुस्लिम छात्रा बतूल जोहरा ने गाया है. उन्होंने राम भजन को पहाड़ी भाषा में गाया है, जो काफी वायरल हो हुआ है. जम्मू-कश्मीर के उरी जिले की रहने वाली बतूल जहरा ने राम भजन गाकर घाटी के लोगों को 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर उद्घाटन से जोड़ने का काम किया है. उन्होंने एक रिकॉर्ड किए गए मैसेज में कहा, %प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले 11 दिनों का व्रत रख रहे हैं. देश के कोने-कोने में सभी लोग प्रभु श्री राम के प्रति सम्मान व्यक्त करने वाली मधुर धुनें गा रहे हैं. जम्मू-कश्मीर भी उतने ही उत्साह से इस कार्यक्रम में शामिल हो रहा है.*

***जहरा ने बताया क्यों गाया राम भजन***-*पहाड़ी भाषा में राम भजन गाने को लेकर जब बतूल जहरा से बात की गई, तो उन्होंने कहा, %मैंने बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल का एक गाना सुना और मुझे वह बहुत अच्छा लगा. मैंने सोचा कि जब ये हिंदी में हो सकता है, तो फिर ये पहाड़ी में क्यों नहीं हो सकता है. मैंने इसे पहाड़ा भाषा में लिखा और गाया. साथ ही मैंने इस गाने को रिकॉर्ड किया और अपने सर को दिखाया. इसके बाद मेरे सर ने इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जिसकी वजह से ये वायरल हो गया.%*

## अयोध्या भेजी जाएगी राम नाम पत्रक, सांसद नकुलनाथ बोले- छिंदवाड़ा राम नाम लेखन में रचेगा इतिहास

सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर सिमरिया की मारूति नंदन सेवा समिति छिंदवाड़ा में 21 दिवसीय श्रीराम महोत्सव का आयोजन कर रही है. इस श्रीराम महोत्सव समिति छिंदवाड़ा और पांढुरना जिले के सभी मंदिरों में राम नाम पत्रक वितरित कर रहे हैं जिसमें श्रद्धालु राम नाम लिखेंगे. आयोजन समिति इस राम नाम पत्रक को अयोध्या भेजेगी. इस आयोजन में जिला कांग्रेस कार्यकर्ता भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को राम नाम पत्रक बांट रहे हैं और राम नाम लेखन का आग्रह कर रहे हैं.विधानसभा चुनाव से पहले कमलनाथ ने मारूति नंदन सेवा समिति के माध्यम से पंडित धीरेंद्र शास्त्री की दिव्य राम कथा और पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव पुराण का आयोजन करवाया गया था.समिति के आनंद बख्शी ने बताया कि नगर के ऊंटखाना पुलिस लाइन में 1874



में अयोध्या के राजा श्रीराम के मंदिर की स्थापना हुई थी, तब से क्षेत्र के भक्तगणों की मंदिर में अपार आस्था है. नियमित पूजन-अर्चन व धार्मिक अनुष्ठान यहां निरंतर होते हैं, इसी क?ी में संकट मोचन भगवान हनुमान जी के भक्त सांसद नकुलनाथ ने इस प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना की. सर्व कल्याण की कामना की.साथ ही मारुति नंदन सेवा समिति द्वारा जिले में आयोजित 21 दिवसीय भव्य श्रीराम महोत्सव के आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने हाथों से पवित्र राम नाम पत्रकों में 108 बार प्रभु श्रीराम के नाम का लेखन करने के उपरांत पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ उन्हें आयोजन समिति के सदस्यों को सौंपा.विदित हो कि जिला मुख्यालय सहित जिले की सभी विकासखंडों में श्रीराम महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. सिद्ध सिमरिया धाम में दो दिव्य कथाओं के आयोजन के पश्चात अब जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ श्रीराम महोत्सव मनाया जा रहा है और प्रतिदिन जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर धार्मिक आयोजनों व अनुष्ठानों का क्रम जारी है.

# भिण्ड की बेटी रिची जैन ने छत्तीसगढ़ में सिविल जज की परीक्षा की उत्तीर्ण



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** लोकसेवा आयोग छत्तीसगढ़ की परीक्षा में जिला भिण्ड की बेटी रिची जैन ने सिविल जज की परीक्षा उत्तीर्ण की जिससे समूचे जैन समाज के अलावा जिले के नागरिक बन्धुओं ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है। यहां बता दे कि बुद्धसैन जैन (पी.पी.) निवासी मौ हाल भिंड पेच नंबर 1, इटावा रोड भिंड के सुपुत्र संजय जैन ( एडवोकेट ) की पुत्री रिची जैन की प्रारंभिक शिक्षा सिटी सेंट्रल स्कूल भिंड एवं हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। वह शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही है,उन्होंने बी.एस.सी ( मैथ ) परीक्षा जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। प्रारंभ से ही उसका लक्ष्य सिविल जज बनने का था इसी उद्देश्य की पूर्ति में उन्होंने देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर से एलएलबी में सिल्वर मेडलिस्ट रही है तथा एलएलएम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर अपनी योग्यता का परिचय दिया। सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हुए उसने लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ से सिविल जज की परीक्षा उत्तीर्ण कर दिनांक 11/01/2024 को उसकी योग्यता के आधार पर सिविल जज के पद पर उसका चयन किया गया। उसकी सफलता पर चौधरी परिवार एवं मौ एवं भिंड जैन समाज में हर्ष व्याप्त है और सभी उसकी उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# हरिदासजी स्मारक ट्रस्ट के लिए आवंटित हो 10 एकड़ जमीन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे/ नारायणलाल सेंणचा**

महेश्वरन्नगर के नर्मदा तट स्थित सिरवी समाज के धर्मगुरु संत हरिदास जी महाराज के समाधि स्थल पर शनिवार को कार्यक्रम हुआ। समाज के हरिदासजी स्मारक ट्रस्ट के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में समाज के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह, बालीपुर आश्रम के संत योगेश महाराज, राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी व विधायक राजकुमार मेव अतिथि थे। अतिथियों ने हरिदासजी महाराज के स्मारक की पूजा के बाद आई माता व नर्मदाजी की आरती की। प्रदेशाध्यक्ष भगवान लचेता, महासचिव कांतिलाल गहलोत व पदाधिकारी लक्ष्मण काग ने समाज के विभिन्न कार्यों को लेकर अपनी बात रखी। पदाधिकारियों ने कहा वर्तमान में नर्मदा नदी किनारे हरिदासजी के स्मारक के पास आई माता का मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है। समाज के प्रदेशाध्यक्ष ने मंदिर निर्माण के अलावा शासन से 10 एकड़ भूमि दीवान हरिदास स्मारक ट्रस्ट के नाम आवंटित करने की मांग की। वर्तमान में नर्मदा नदी किनारे बन रहे आई माता मंदिर व संत हरिदासजी




समाधि स्थल के आसपास नदी किनारे रिटर्निंग वॉल बनाने की मांग भी रखी। समाज के 19 वें धर्मगुरु दीवान माधवसिंह व बालीपुर आश्रम के संत योगेश महाराज ने भी समाज को जागरूक करने के साथ ही आई माता मंदिर निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित किया। धर्मगुरु ने संत हरिदासजी के जीवन से जुड़ी रहस्यमयी बातों से समाजजनों को रूबरू करवाया। महिला मंडल प्रदेशाध्यक्ष अनीता चोयल, जिलाध्यक्ष हरिराम कोतवाल, लेखाकार हीरालाल देवड़ा, पृथ्वीसिंह सोलंकी, डॉ. बीएल लचेता, आबकारी निरीक्षक मोहन भायल, सीईओ लक्ष्मणसिंह राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, डॉ. देवेंद्र पाटीदार, मनोज शर्मा, मनोज पाटीदार, राजा दादू, महादेव दिवान श्री हरीदास जा स्मारक टस्ट महेश्वर वयोवृद्ध देवानंद मुलेवा का शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मान किया। मंदिर निर्माण के लिए 10-10 लाख रुपए की घोषणा राज्यसभा सदस्य सोलंकी व विधायक मेव ने समाज की मांगों को शासन-प्रशासन स्तर से पूरी करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही सांसद व विधायक निधि से अलग-अलग 10-10 लाख रुपए देने की घोषणा की। नगर के वयोवृद्ध देवानंद मुलेवा का शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम के बाद धर्मगुरु दीवान माधवसिंह व विधायक मेव नगर के डॉ. लचेता के निवास पर पहुंचे। परिजनों ने अतिथियों का सम्मान किया।पाटीदार, वीरेंद्र मंडलोई के अलावा 8 जिलों के समाजजन मौजूद थे। इस मौके पर हरिदास ट्रस्ट के उपाध्यक्ष हीरालाल देवड़ा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण परिहार, गब्बूजी बर्फा, जगदीश जमादारी साली उपस्थित रहे।

# देवपुर मेले में श्रद्धालुओं को विधायक जी ने अक्षत पीले चावल देकर दिया प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण





**सिरोंज**
**अभिषेक कुशवाह**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर में मेले का आयोजन किया जाता है रंपरागत रूप से आयोजित होने वाले इस मेले में क्षेत्र के दूर दराज के सैकड़ों श्रद्धालुगणों के साथ विधायक उमाकांत शर्मा भी शामिल हुए। इस मौके पर पूजा अर्चना के उपरांत उन्होंने मेले में एक भगवा रैली निकाल कर उपस्थित नागरिकों को आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के महोत्सव के लिए पीले चावल एवं आमंत्रण देकर भव्य श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा में अपने - अपने घर, मोहल्ला, ग्राम, वार्ड से ही दीवाली के रूप में मानकर सहभागी होने का आग्रह भी किया।सोमवार को देवपुर में आयोजित मेले में विधायक उमाकांत शर्मा श्री रामजन्म भूमि पर बनकर तैयार मंदिर में राम जी के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर खासे उत्साहित दिखाई दिए। अपने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भगवा पताका ओर सिर पर भगवान राम एवं कृष्ण की तस्वीर लेकर जयजय कार करते हुए निकल पड़े। इस दौरान उन्होंने मेले में लगी दुकानों पर खरीददारी एवं झूलों का आनंद ले रही महिलाओं,बच्चों एवं पुरुषों के बीच पहुँचकर अपने हाथों में थम रखे पीले चावल एवं आमंत्रण पत्रों का वितरण करते हुए आग्रह किया कि आप अपने घर परिवार में दिवाली जैसी तैयारी करके इस अभियान में सहभागिता करें मंदिरों को सजाएं कीर्तन भजन धार्मिक आयोजन करें। उन्होंने सभी से राम मंदिर के सीधे प्रसारण को भी टीवी के माध्यम से देखने का आग्रह किया। धूमधाम के साथ विधायक को भगवामय वातावरण में अपने बीच पाकर जनता में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। इस बीच उन्होने उत्साहित जनता के साथ राम के भजनों पर नृत्य भी किया 7

**संतो- निर्धनों को किया कंबल एवं खिचड़ी का वितरण**-मकर सक्रांति पर्व पर हमेशा की तरह विधायक उमाकान्त शर्मा ने राम राज्यम कल्याण समिति के माध्यम से गरीब जरुरतमंदों एवं संतो को गर्म कम्बल एवं खिचड़ी का वितरण किया। मकर सक्रांति पर धर्मपुण्य के इस आयोजन में पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा भी हमेशा से शामिल होते रहे है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी, चरण सिंह राजपूत,पारस तारण,जनपद अध्यक्ष पुष्पा हमीर सिंह यादव, हरिबाबू भार्गव,संजीव माथुर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भैरों सिंह कुर्मी , रामचरण कुर्मी, सीताराम कुशवाह अशोक रावल आदि के साथ जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पाटन तहसील के सुजनीपुर प्रायमरी स्कुलमे बाल संसद चुनाव का आयोजन किया गया

# सामाजिक विज्ञान शिक्षिका पीनलबहन चौधरी की देखरेख में बाल संसद चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई

### लोकतंत्र का जीता जागता उदाहरण बच्चों ने महसूस किया



**ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पाटन/गुजरात।** 12 दिसंबर विवेकानन्द की जयंती पूरे भारत में युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। सुजनीपुर प्राथमिक विद्यालयमें स्वामीजी के जीवन पर आधारित गुरुवाणी का प्रचार किया गया तथा युवाओं के लिए विवेकानन्द का सन्देश भी प्रस्तुत किया गया। साथ ही, बच्चों को लोकतंत्र और स्कूल के बाल- केंद्रित सुचारू प्रशासन का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करने के लिए, सुजनीपुर स्कूल के सामाजिक विज्ञान शिक्षिका पीनलबहन चौधरी की देखरेख में बाल संसद चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई। विभिन्न 9 समिति के मंत्रियों के चयन के लिए 18 बाल अभ्यर्थियों ने पर्चा भरा। चुनाव की घोषणा प्रकाशित होने के एक दिन बाद उपनिर्वाचन पदाधिकारी स्कूल शिक्षक डॉ.मधूसूदनभाई ठक्कर को आवेदन पत्र सौंपे गए। फार्मों की जांच के बाद सभी फार्म वैध पाए जाने पर चुनाव की घोषणा कर दी गई।



यहां बाल संसद के चुनाव उसी तरह होते थे जैसे स्थानीय पंचायतों और विधानसभा या लोकसभा के चुनाव होते थे। जिसमें प्रमुख मतदान अधिकारी, मतदान अधिकारी, महिला मतदान अधिकारी आदि चुनाव कर्मचारी एवं प्रत्याशी अभिकर्ता नियुक्त किये गये। मतदान केंद्रों पर सभी मतदाताओं ने मतपेटियों के बजाय टैबलेट में ईवीएम एप्लिकेशन में वोट डाला। स्कूली बच्चों के साथ- साथ सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं और ग्रामीण अभिभावकों तथा मध्याह्न भोजन कर्मियों ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार को निशाना बनाकर अपना कीमती वोट डाला. इस प्रक्रिया में बच्चे बेहतर समिति का गठन करते हैं। वह अपने वोट की कीमत समझते हैं।इसके साथ ही दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है, और इसका महापर्व यानी कि चुनाव और अभिभावकों ने अपनी प्रतिक्रिया से इस बात पर खुशी जाहिर की कि उन्हें चुनाव का अभ्यास करने का मौका मिला है। आज का बच्चा भावी नागरिक है. लोकतंत्र का जीता जागता उदाहरण बच्चों ने महसूस किया। सामाजिक विज्ञान शिक्षक पीनलबेन चौधरी एवं आचार्य प्रकाशभाई सुथार, डॉ. मधुसूदनभाई ठक्कर, हर्षिदाबहन पटेल, भरतभाई पटेल, दुर्गेशभाई प्रजापति, विशालभाई पटेल, अल्केशभाई चौधरी, अनिताबहनपरमार, पायलबहन प्रजापतिने इस प्रवृत्ति को सफल बनाने के लिए बड़ा परिश्रम किया।



# दिव्यांगों ने किया कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का भव्य स्वागत



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुरः** सत्य प्रेम करुणा सेवा संस्थान, जोधपुर के समस्त दिव्यांग छात्र छात्राओं द्वारा राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के प्रथम बार जोधपुर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया। संस्थान के अध्यक्ष हुकमाराम भाटी ने बताया कि दिव्यांग जनों को वर्तमान में आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं को मंत्री जी के सम्मुख रखा गया। मंत्री गहलोत ने पूरा आश्वासन दिया कि हर संभव में दिव्यांगजनों के साथ में खड़ा रहूंगा और सभी समस्याओं का निवारण करने का प्रयास करूंगा। संस्थान द्वारा मंत्री जी को स्मृति चिन्ह भेंट करके ढोल नगाड़े के साथ फूल मालाओं से बहुमान किया। इसी दौरान योगाचार्य श्याम भाटी, संस्थान के प्रभारी मादाराम तिरगटी, डॉ. शंकरलाल जांगिड़, लाइनमैन राकेश मीणा, ठेकेदार हनुमान राम कच्छावाहआदि कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शासन के निर्देशानुसार हो सभी गतिविधियों का आयोजन : कलेक्टर

# अयोध्या में भगवान श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व जिले में आयोजित गतिविधियों की तैयारियों के संबंध में दिए निर्देश प्रमुख समारोह गोरी सरोवर के किनारे स्थापित मंदिरों में होगा आयोजित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, एएसपी संजीव पाठक,एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं के संबंध में अधिकारियों से समीक्षा की।उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा कर कहा कि सभी विभाग प्रमुख लंबित सभी शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। आम जन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर समीक्षा करें और आम जन की समस्याओं का गंभीरता के साथ निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित कराया जाये, योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति हो मिले यह सुनिश्चित करें कोई पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में मनाए जाने हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश



दिए।उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड के मैदान में आयोजित किया जाएगा। विभिन्न विभागों की झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि कार्यालय के शासकीय भवनों पर गणतंत्र दिवस से पूर्व 21 जनवरी से 26 जनवरी तक प्रकाश की व्यवस्था की जाए। संबंधित विभागों के अधिकारी दिए गए दायित्वों के अनुसार सभी तैयारियां पूर्व से ही कर ली जावें। उन्होंने कार्यालय प्रमुखों से कहा कि 26 जनवरी 2024 को प्रातः8 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों पर ध्वजारोहण कर लिया जाए तत्पश्चात पुलिस परेड ग्राउण्ड में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 2024 की संध्या पर भारत पर्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वहां पर सभी अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व विभिन्न गतिविधियों के संचालन से संबंधित तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार सभी गतिविधियों का आयोजन 22 जनवरी तक निरंतर किया जाए। जिले में अलग-अलग स्थानों पर प्रभातफेरी एवं कलश यात्राएं निकाली जाएं, सभी सीएमओ और सीईओ जनपद मंदिरों एवं मंदिरों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें, 22 जनवरी तक प्रकाश की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख समारोह गोरी सरोवर के किनारे स्थापित मंदिरों में आयोजित किया जाएगा। एसडीएम भिण्ड और सीएमओ भिण्ड जिसकी समुचित तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

## पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ - उमाकांत शर्मा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन विधायक हुए शामिल

**सिरोंज।**
**अभिषेक कुशवाह**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के नागरिकों की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर बदलने के लिए नौं गारंटी तय की है यह हम सबका कर्तव्य है कि हम यह बात भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने सोमवार को छत्री चौराहे पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कही। सोमवार को मकर सक्रांति पर्व पर शासकीय रूप से आयोजित कार्यक्रम में जनता के लिए सभी विभागों से संबंधित



सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें और अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदारी से पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके इसके प्रयास करें। आमतौर पर वास्तविक हितग्राहियों को जानकारी के अभाव में परेशान होना पड़ता है सभी विभाग अपनी संबंधित योजनाओं के लिए समाधान खिड़की प्रारंभ करें ओर समय पर आम आदमी को योजन का लाभ मिल सके। काउंटर लगाकर हितग्राहियों मूलक समस्याओं के समाधान के लिए कर्मचारी तैनात किए गए थे। विधायक उमाकांत शर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए इन सभी से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए मोदी जी की नौ गारंटियों के बारे में भी विस्तार से कार्यक्रम में उपस्थित जनता जनार्दन को समझाया। उन्होंने अधिकारियों से गंभीरता पूर्वक विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान सफल बनाने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव लगातार केंद्र एवं प्रदेश सरकार इस दौरान उन्होंने खेल में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले स्कूली खिलाड़ियों,शहरी आजीविका मिशन में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को सम्मानित करते हुए पीएम स्वनिधि योजना से स्वीकृत लाभान्वित हितग्राहियों को पत्रको का वितरण भी किया। संचालन जनभागीदारी अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने एवं आभार सीएमओ रामप्रकाश साहू ने व्यक्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता रमेश यादव,हरिबाबू भार्गव, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज साईंनाथ, सचिन शर्मा, जयनारायण सेन,संजू सोनी,बलजीत यादव,ओम सोनी,संजीव माथुर आदि के साथ जनप्रतिनिधि,भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

**भगवा रंग में रंगे नजर आए विधायक शर्मा**-कार्यक्रम में 22 जनवरी को राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की छवि भी दिखाई दी। इस दौरान भगवा रंग में रंगे विधायक उमाकांत शर्मा ने मंच पर रखी भगवान राम की तस्वीर एवं कार्यक्रम में शामिल होने आए जनता जनार्दन का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके अलावा उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनता जनार्दन एवं कन्या पूजन में बेटियों को केसरिया पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने राम भजन पर भगवा पटका पहनकर आमजन के साथ उत्सव भी मनाया। इसके उपरांत वह छतरी स्थित हंजमान मंदिर में भी पहुँचे जहाँ उन्होने स्थापित देवी देवताओं सहित पुजारी एवं नागरिकों को पीले चावल एवं आमंत्रण पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर राम मंदिर अभियान आयोजन के उपलक्ष्य में नगर पालिका द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। इंदौर से यह पहुँची कलाकारों की टीम ने राम भजनों की प्रस्तुति दी।

# इंपैक्ट ऑफ़ इंडियन एपिक ओन लिटरेचर एंड सोसाइटी थीम पर दो दिन का इंटरनेशनल सेमिनार आयोजित हुआ

**ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गुजरात। हाल के समय में पूरे विश्व में राममय वातावरण है। उसी समय में पूरी सृष्टिको चलानेवाली मां जगद जननी अंबा के सानिध्य में (अम्बाजीमें) दो दिन का इंटरनेशनल सेमिनार हुआ था जिसका थीम था इंपैक्ट ऑफ़ इंडियन एपिक ओन लिटरेचर एंड सोसाइटी। जिसमे पटेल कामीनाबेन ने जो पीएचडी के रिसर्चर है उन्होंने प्राचिनयोग और मॉडर्न योग विषय का रिसर्च पेपर प्रेजेंट किया था। जो हमे प्राचीन योग का दर्शन कराता है। जिससे सब प्रभावित हुए थे। कामिना पटेल ने बताया की रामप्रभु जैसा कोई योगी हुआ नही हैं। और कोई होगा भी नही।




# कलेक्टर और एसपी ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण





**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 16 जनवरी को पटनाखुर्द और चित्रकूट आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशतोष गुप्ता ने सोमवार को पटनाखुर्द पहुंचकर सभास्थल और आवागमन रुट का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवागमन के रूट चार्ट तथा कार्यक्रम स्थल की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुरक्षा प्रबंधों, वाहनों की पार्किंग तथा कार्यक्रम स्थल में आमजनता का प्रवेश सुगम बनाने के लिए किए जा रहे प्रबंधों के संबंध में निर्देश दिए। निरीक्षण के समय प्रशासनिक, पुलिस, विभाग प्रमुख तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज पटनाखुर्द और चित्रकूट आयेंगे

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सतना जिले के एक दिवसीय प्रवास पर 16 जनवरी को मझगवां विकासखंड के पटनाखुर्द और चित्रकूट आएंगे।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्धारित कार्यक्रमानुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे हेलीकॉप्टर से मझगवां विकासखंड के पटनाखुर्द आयेंगे और यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव पटनाखुर्द से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर दोपहर 1:15 बजे चित्रकूट के उद्यमिता परिसर के हेलीपैड पहुंचेंगे। दर्शन-पूजन के स्थानीय कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 1:30 बजे ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सभागार में श्री रामचंद्र पथ वन गमन न्यास की बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव अपरान्ह 2:45 बजे ग्वालियर-बेंगलुरु फ्लाइट के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअली जुडेंगे। अपरान्ह 3:15 बजे मुख्यमंत्री डॉ यादव भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन-पूजन के बाद 4 बजे स्थानीय आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सायं 4:30 बजे उद्यमिता परिसर के लिए हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा खजुराहो के लिए रवाना होंगे।

### उद्धव के बाद अब कांग्रेस? एकनाथ शिंदे ने दिए बड़ी प्लानिंग के संकेत, बोले- पिक्चर बाकी है

**मुंबई।** कांग्रेस का दशकों पुराना साथ छोड़ महाराष्ट्र के दिग्गज नेता मिलिंद देवड़ा अब शिवसेना में शामिल हो चुके हैं। इस सियासी उथल पुथल के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस में बड़ी फूट के संकेत दे दिए हैं। उन्होंने दावा किया है कि कई और नेता भी शिवसेना का दामन थाम सकते हैं। देवड़ा ने कांग्रेस में माहौल खराब होने की बात कही थी।

अब कांग्रेस की बारी?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीएम शिंदे ने रविवार को कह दिया, यह तो ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।% इधर, दावे किए जाने लगे हैं कि अब मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान भी पार्टी से नाता तोड़ सकते हैं। हालांकि, टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में खान ने साफ किया है, मैं शिवसेना में शामिल नहीं हो रहा हूं...। मैं कांग्रेस के साथ हूं और पार्टी छोड़ने की कोई सवाल नहीं है। माना जा रहा है कि देवड़ा का जाना कांग्रेस को बड़ी चोट दे सकता है। कयास लगाए जाने लगे हैं कि मुंबई कम से कम 10 पूर्व पार्षदों के साथ-साथ दक्षिण मुंबई के कई नेता शिवसेना का दामन थाम सकते हैं। ऐसा भी माना जाता है कि मुंबई कांग्रेस की कमान वर्षा गायकवाड़ के हाथ में आने के बाद से ही कांग्रेस के कुछ नेता नाखुश थे।

जब टूटी शिवसेना

20 जून 2022 को शिंदे ने तब की अविभाजित शिवसेना के कई विधायकों के साथ मिलकर पार्टी प्रमुख और तत्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इस फैसले के साथ ही राज्य में महाविकास अघाड़ी यानी तीन मुख्य पार्टियों शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार टूट गई थी।

**उद्धव के खिलाफ बगावत पर क्या बोले शिंदे**

उन्होंने उद्धव की अगुवाई वाली एमवीए सरकार को हटाए जाने को सबसे बड़ा ऑपरेशन करार दिया था। उनका कहना है, एक इंजेक्शन का भी इस्तेमाल नहीं करना पड़ा और यह बहुत बड़ी सफलता थी। उन्होंने कहा, बीते डेढ़ सालों में मैंने कभी भी छुट्टी नहीं ली। मैं जब अपने घर गया था, तब समय बचाने के लिए हेलीकॉप्टर से गया। मैंने वहां खेत में काम किया और फोटोग्राफी में समय नहीं बिताया।%

# सेना के जांबाजों ने हर भूमिका में किया प्रभावित : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** 15 जनवरी को भारतीय सेना का 76वां सेना दिवस है। भारतीय सेना इसे राष्ट्र की अखंडता की रक्षा के अटूट संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ मनाती है। सेना का कहना है कि इस दिन हम अपने उन बहादुर जवानों को भी याद करते हैं जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर भारतीय सेना को सेना दिवस की बधाई दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा,भारतीय सेना के वीर साथियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को सेना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बल के वीर एवं वीरांगनाओं के अदम्य साहस, सेवा एवं समर्पण पर राष्ट्र को गर्व है। चाहे बाहरी खतरों एवं आंतरिक चुनौतियों से दृढ़ता से निपटना हो या फिर आपदा के समय मदद का हाथ बढ़ाना हो, सेना के जांबाजों ने अपनी हर भूमिका में प्रभावित किया है। भारतीय सेना ने एक संगठनशील एवं अनुशासनप्रिय बल के रूप में विश्व में



विशिष्ट पहचान बनाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना बदलते युग की चुनौतियों के अनुरूप खुद को ढालने को लेकर सजग है और आज देश भी सभी सुविधाओं एवं संसाधनों समेत अपने सैन्य वीरों के साथ खड़ा है। सेना दिवस के अवसर पर उन सभी वीर शहीदों को राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने देश की सेवा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दे दिया। हमारे इन जांबाज साथियों एवं इनके परिवारों के त्याग एवं तपस्या को देश नमन करता है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा,भारतीय सेना के वीर साथियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को सेना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बल के वीर एवं वीरांगनाओं के अदम्य साहस, सेवा एवं समर्पण पर राष्ट्र को गर्व है। चाहे बाहरी खतरों एवं आंतरिक चुनौतियों से दृढ़ता से निपटना हो या फिर आपदा के समय मदद का हाथ बढ़ाना हो, सेना के जांबाजों ने अपनी हर भूमिका में प्रभावित किया है।**

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि अमृत कालखंड में एक भव्य और विकसित भारत के निर्माण की ओर राष्ट्र तेजी से अग्रसर है। भारतीय सेना के वीर साथी देश को सुरक्षा एवं स्थिरता प्रदान करते हुए राष्ट्र निर्माण के संकल्प में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुझे विश्वास है कि सामूहिकता की शक्ति से ऊर्जित राष्ट्र प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। बल के शूरवीर अपनी सेवा, निष्ठा एवं समर्पण से मां भारती का गौरव इसी तरह बढ़ाते रहेंगे।

वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय थल सेना दिवस' की सभी बहादुर सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हर भारतवासी सेना के साहस, शौर्य और पराक्रम से न केवल परिचित है बल्कि उनके प्रति कृतज्ञता का भाव भी रखता है। भारतीय सेना ने सदैव देश रक्षा की है और इसके लिए अनगिनत बलिदान भी दिए हैं। सभी देशवासियों की ओर से भारतीय सेना को मेरा नमन एवं अभिनंदन।

## गंगा सागर में मकर संक्रांति पर पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त शुरू, उमड़ा जनसैलाब

**कोलकाता।** गंगा सागर में मकर संक्रांति पर पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त शुरू होते ही सोमवार सुबह जनसैलाब उमड़ पड़ा। मेला क्षेत्र तीर्थयात्रियों से खचाखच भरा हुआ है। यह वही स्थान है जहां त्रेता युग में जिस सागर तट पर स्वर्ग से उतरीं मां गंगा ने राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को मकर संक्रांति पर स्पर्श कर मोक्ष प्रदान किया था। मकर संक्रांति पर पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त सोमवार सुबह 7~19 शुरू हुआ है। यह दोपहर 12.30 बजे तक रहेगा। पुण्य स्नान की कुल अवधि 5.30 घंटे की है। महापुण्य स्नान की कुल अवधि एक घंटा 43 मिनट बताई गई है। मगर सवेरे छह बजे से ही श्रद्धालुओं ने गंगा और सागर के संगम पर डुबकी लगानी



शुरू कर दी थी। कपिल मुनि आश्रम के महंत ज्ञानदास ने बताया कि रविवार रात से ही मकर संक्रांति शुरू हो गई थी। सोमवार सुबह छह बजे से देश-दुनिया से पहुंचे लाखों लोगों के अलावा नागा, नाथ और अन्य संप्रदाय के साधुओं ने मोक्ष की आस में डुबकी लगाई। गंगा सागर मेला क्षेत्र में सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया गया है। पुलिस, सिविल डिफेंस, होमगार्ड समेत नेवी और कोस्ट गार्ड के 10 हजार से अधिक जवान चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं। जिला प्रशासन के अनुसार इस साल 35 लाख से अधिक श्रद्धालु सागर तट पर पुण्य स्नान के लिए पहुंचे हैं। पिछले साल 30 लाख लाख लोगों ने डुबकी लगाई थी।

## कर्नाटक के कई दिग्गज नहीं लड़ेंगे इलेक्शन, मल्लिकार्जुन खरगे भी ले सकते हैं चुनावी संन्यास

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को ही विपक्षी गठबंधन ढ्ढहृष्ठ्ढ का अध्यक्ष बनाया गया है। यह भी कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार ने संयोजक का पद इसलिए नहीं स्वीकार किया क्योंकि उन्हें गठबंधन का अध्यक्ष नहीं बनाया गया और प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट नहीं किया गया। अब रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि हो सकता है कि मल्लिकार्जुन खरगे लोकसभा चुनाव ना लड़ें। हालांकि वह चुनाव प्रचार में ऐक्टिव रहेंगे।

81 साल के मल्लिकार्जुन खरगे और एचडी देवगौड़ा दोनों ही 2019 में लोकसभा का चुनाव हार गए थे। खरगे कालाबुरगी से और देवगौड़ा तुमाकुरु सीट से उतरे थे। इसके बाद ये दोनों ही राज्यसभा गए। अब दोनों



ने ही अपनी बढ़ती उम्र का हवाला दिया है। उनका कहना है कि बढ़ती उम्र के चलते वे लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ना चाहते। बीते साल फरवरी में भाजपा के दिग्गज नेता बीएस येदियुरप्पा ने भी ऐलान किया था कि वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले रहे हैं। इसके अलावा भाजपा सांसद श्रीनिवा प्रसाद, जीएस सासवाराजू ने भी चुनाव ना लड़ने की बात कही थी। अभी यह नहीं पता है कि डीवी सदानंदगौड़ा (70साल), रमेश जिगाजिनागी (71 साल) और जीएम सिद्धेश्वरा (71 साल)चुनावी मैदान में उतरेंगे या नहीं।

बता दें कि बेंगलुरु में मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने कहा था कि वह अब चुनाव नहीं लड़ना चाहते। हालांकि वह बीजेपी-जेडीएस के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा था कि जेडीएस और भाजपा के उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बता दें कि कल्याण-कर्नाटक इलाके में खरगे बड़े राजनीतिक चेहरे हैं। अब वह इंडिया गठबंधन के अध्यक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। खरगे की पकड़ अल्पसंख्यक और ओबीसी वोटों पर अच्छी है। उन्होंने खुद को दलित समुदाय के लिए लड़ने वाला भी साबित किया है। ऐसे में मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव प्रचार में बड़ी भूमिका निभाएंगे। विपक्षी गठबंधन के दल भी उनकी मदद चुनाव प्रचार में ले सकते हैं।

## मंदिरों के संचालन में हर जाति-बिरादरी की सहभागिता हो : विहिप

**अयोध्या।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा है कि हिंदू मंदिरों के संचालन में हर जाति-बिरादरी की सहभागिता होनी चाहिए। साथ ही सभी मंदिरों को सरकारी से नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए। इसके लिए विहिप देशव्यापी अभियान शुरू करेगी। उन्होंने हिन्दुस्थान समाचार से चर्चा में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि विहिप की स्थापना के 60 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसलिए श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद संगठन विस्तार के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सेवा के कार्यों पर विहिप फोकस करेगी। संगठन का प्रयास है कि हम अपने काम को जन्माष्टमी तक एक लाख स्थानों तक लेकर जाएं। बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त जनजागरण और संपर्क से संगठन विस्तार में मदद मिलेगी।

मिलिंद परांडे ने कहा कि संगठनात्मक दृष्टि से 1100 जिए बनाए गए हैं। अभी हमारे सेवा कार्य 400 जिलों तक पहुंचे हैं। इसे जल्द ही 800 जिलों तक पहुंचा जाएगा। आगामी वर्षों में मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के प्रयास करेंगे, क्योंकि यह हिन्दुओं के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार है। कोई मस्जिद और चर्च सरकारी नियंत्रण में नहीं हैं। हिन्दू मंदिरों का संचालन



हिन्दू समाज को ही करना चाहिए। इसमें हर-जाति बिरादरी की सहभागिता हो और हिन्दू का धन हिन्दू के लिए उपयोग में आए।

## मायावती के जन्मदिन पर सीएम योगी ने फोन कर पूछा हालचाल, अखिलेश ने भी दी बधाई

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती आज अपना 68 वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर उन्हें प्रदेश और देश की तमाम बड़ी हस्तियों ने बधाई और शुभकामना संदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मायावती से फोन पर बात कर उन्हें बधाई दी है। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उन्हें बधाई दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बसपा सुप्रीमो मायावती से फोन पर बात की। इस बातचीत में उन्होंने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और कुशलक्षेम पूछा। सीएम योगी ने बसपा सुप्रीमो मायावती के दीर्घायु होने की कामना की। एक्स पर एक पोस्ट में मायावती को



जन्मदिन की बधाई देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा- बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! ईश्वर से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना है।

वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी मायावती को जन्मदिन की बधाई दी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा-उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

**गठबंधन पर ऐलान कर सकती हैं मायावती**

बसपा सुप्रीमो मायावती आज का 68वां जन्मदिन मना रही हैं। बसपा भी उनके जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मना रही है। इस मौके पर पार्टी की ओर से जारी बयान में मायावती को सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति आन्दोलन की महानायिका बताया गया है। बताया जा रहा है कि मायावती आज पार्टी का मोबाइल एप भी लांच कर सकती हैं। सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर होने वाली प्रेसवार्ता में मायावती आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन के बारे में बसपा के रुख का खुलासा कर सकती हैं।

# दिल्ली में सबसे ठंडी सुबह और फिर चटक धूप ने चौंका दिया, आगे कैसा रहेगा मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में भीषण ठंड से कंपकंपा रहे लोगों के लिए मकरसंक्रांति राहत लेकर आया है। करीब 15 दिनों बाद दिल्ली में सुबह ही धूप खिल गई। हालांकि, धूप निकलने से पहले पारा इस सीजन में सबसे कम स्तर पर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में न्यूनतम पारा 3.3 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले रविवार को सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री कम है। दिल्ली में लोधी रोड में सबसे कम तापमान 3.4 डिग्री दर्ज किया गया।



घोषणा तब की जाती है जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 या अधिक डिग्री कम होता है। मौसम विभाग का कहना है कि आसमान साफ होने की वजह से कोल्डवेव की स्थिति बनी है। बादलों की गैरमौजूदगी में दिन कुछ गर्म होते हैं और रात को इसमें तेजी से गिरावट आती है जिससे तापमान गिरता है। रविवार को अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से एक डिग्री अधिक है।

**ठंड से राहत के आसार नहीं-**दिन में धूप खिलने से राहत जरूर मिली है, लेकिन रात और सुबह ठंड अभी

ट्रेन और विमानों की आवाजाही पर बुरा असर

दिल्ली-एनसीआर में प्रचंड ठंड के साथ रात और सुबह कोहरा भी बहुत घना होता है। सोमवार सुबह एक बार फिर दिल्ली में पालम और आईजीआई एयरपोर्ट के आसपास विजिबिलिटी शून्य रही। जिसकी वजह से विमानों की आवाजाही पर बुरा असर पड़ा है। 50 से अधिक विमानों के उड़ान में देरी हुई तो पांच विमानों को डायवर्ट करना पड़ा। चार को जयपुर और एक को अहमदाबाद ले जाकर उतारा गया। रविवार को 400 से अधिक विमानों के संचालन में देरी हुई।

# ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज मैहर और चित्रकूट के प्रवास पर आयेंगे



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 16 जनवरी को मैहर और चित्रकूट के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंत्री श्री तोमर प्रातः 5:38 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर पहुंचेंगे। इसके उपरांत प्रातः 9 बजे मां शारदा मंदिर में मां शारदा देवी के दर्शन करेंगे। मंत्री श्री तोमर प्रातः 11 बजे चित्रकूट के लिये प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2 बजे चित्रकूट पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत अपरान्ह 4 बजे विवेकानंद सभागार में आयोजित अभय महाजन की माताजी के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे। मंत्री श्री तोमर रात्रि 10:52 बजे रेलमार्ग द्वारा चित्रकूट से ग्वालियर के लिये प्रस्थान करेंगे।

## जिले के सभी मंदिरों में 22 जनवरी तक आयोजित होगा राम कीर्तन

# अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के तारतम्य में होंगे विभिन्न आयोजन

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश शासन स्तर से जारी किये गये हैं। जिसके तारतम्य में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले में 22 जनवरी तक विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गरिमापूर्वक मनाने के आवश्यक निर्देश नगरीय एवं जनपद स्तरीय निकायों के प्रमुखों को दिये हैं।भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के प्रत्येक मंदिर में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक जन-सहयोग से राम कीर्तन का आयोजन कराया जायेगा। समस्त मंदिरों, पवित्र नदियों, जलाशयों में दीप प्रज्जवलित किये जायेंगे। हर घर में दीपोत्सव के लिये आमजन को जागृत किया जायेगा। नगरों तथा गाँव में मौजूद राम मंडलियों को मोहल्लों तथा गाँव में स्थानीय कार्यक्रम के लिये प्रेरित किया जायेगा। जिले के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समितियों द्वारा धर्मगुरुओं के साथ समन्वय कर 22 जनवरी को भंडारों का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। समस्त शासकीय कार्यालयों में 21 से 26 जनवरी तक रोशनी की जायेगी।कलेक्टर अनुराग वर्मा ने निर्देश दिये हैं कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा सप्ताह मनाया जाये। जिसके अंतर्गत गायन, कथावाचन, रामरक्षा स्त्रोत, रामचरित मानस पाठ पर प्रतियोगिता आयोजित की जाये। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यमंत्री जी की ओर से प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को जिला मुख्यालय पर होगा। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने शासन स्तर से अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की गतिविधियों के संबंध में दिए गए निर्देशों के तारतम्य में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को संबंधित अनुभाग के मंदिरों के पुजारी, महात्माओं, साधु-संतों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्देशों के अनुरूप कार्य करवाने के निर्देश दिये हैं। उन्हाने कहा है कि मीटिंग में अनुभाग लेबल के सभी अधिकारी-कर्मचारी विशेष रूप से जन अभियान परिषद को भी शामिल करेंगे। शासन के निर्देशों के अनुक्रम में आपके द्वारा की जाने वाली तैयारी की रूपरेखा की जानकारी से जिले को भी अवगत कराना होगा।

# नगरीय विकास राज्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी 16 जनवरी को प्रातः 10:45 बजे सतना से पटनाखुर्द हेलीपैड के लिये प्रस्थान करेंगी। प्रातः 11:45 बजे पटनाखुर्द हेलीपैड में मुख्यमंत्री जी की आगवानी करेंगी। इसके उपरांत दोपहर एक बजे चित्रकूट के लिये प्रस्थान करेंगी। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी दोपहर 1:30 बजे चित्रकूट में मुख्यमंत्री जी के साथ स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगी। सायं 6 बजे चित्रकूट से सतना के लिये प्रस्थान करेंगी। इसके उपरांत रात्रि 8:40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल रवाना होंगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शासकीय योजनाओं का प्रदान कर रही लाभ- सुरेंद्र सिंह गहरवार

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार ने मझगवां विकासखंड में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुये कहा कि जिले में जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचित व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ प्रदान करने का कार्य कर रही है। इस यात्रा के दौरान योजनाओं का लाभ लेकर लोगों के चेहरे पर खुशी छलक रही है। उन्होने कहा कि आमजन के जीवन को आसान एवं समृद्ध बनाना ही विकसित भारत




संकल्प यात्रा का मकसद है। शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियां को केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार हर गांव, हर घर तक पहुंचकर लोगों को योजनाओं से आच्छादित कर रही है। सोमवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शासन की योजनाओं का लाभ पाने वाले हितग्राही लाभान्वित किए गए। इसके साथ ही लोगों ने शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिये आवेदन भी दिये। शिविर में मुख्य रूप से पेंशन, संबल व श्रमिक कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेशन, उज्जवला, पीएम स्वनिधि, वोटर आईडी, राशन प्राप्त करने आदि के आवेदन ज्यादातर आये। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश द्वारा ग्वालियर में भगवान विश्वकर्मा प्रिकोटउत्सव प्रोग्राम के उपलक्ष में हुई बैठक

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे




कल दिनांक 14 जनवरी 2024 रविवार को विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री रामवरन विश्वकर्मा जी के निवास स्थल पर बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी परम सम्माननीय बाबूजी श्री हरिसिंह गौर जी द्वारा की गई । जिसमें संगठन के पिछले दोनों कार्यक्रमों का हिसाब समाज के बीच रखा गया ।जिसमें 13 नवंबर 2022 को मेडिकल सभागार में आयोजित कार्यक्रम का हिसाब एव3 फरवरी 2023 को टाउन हॉल महाराज बाड़े पर किए गए कार्यक्रम का हिसाब समाज के बीच रखा गया ।साथ ही समाज द्वारा 22 फरवरी 2024 को भगवान् विश्वकर्मा जी के प्रको्टउत्सव के शुभ अवसर पर समाज के सभी लोगों द्वारा विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश के नेतृत्व में ÷भव्य चल समारोह एवं प्रतिभाओं का सम्मान÷ कार्यक्रम टाउन हॉल महाराज बाड़े पर करने की सहमति बनी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा से राज्यसभा सांसद परम सम्माननीय बाबूजी श्री रामचंद्र जांगड़ा जी के नाम पर सभी की सहमति बनी दिल्ली चलकर बहुत ही जल्द अतिथियों से मुलाकात करने की बात हुई जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्तागण एवं समाज के सभी वरिष्ठजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 23 जनवरी को भिण्ड,लहार,अमायन में करेंगे शिरकत

## श्री सिंधिया लहार में अम्बरीश शर्मा,भिण्ड में नरेन्द्रसिंह,अमायन में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला के ऐतिहासिक विजय पर आभार सभा को करेंगे संबोधित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता भारत सरकार में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया 23 जनवरी 2024 को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र लहार में विधायक अम्बरीश शर्मा गुड्डू , भिण्ड विधानसभा नरेन्द्रसिंह कुशवाह, मेहगांव विधानसभा में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला की ऐतिहासिक जीत पर आभार सभा को संबोधित करेंगे,जिसकी प्रभावी तैयारियों को लेकर पार्टी जिला अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह नरवरिया की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई,जिसमें लहार अमायन,भिण्ड में ऐतिहासिक रोड शो एवं जगह-जगह भव्य स्वागत की कार्ययोजना भी तैयार की गई। शहर में 101 स्थान पर होगा केंद्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया का ऐतिहासिक स्वागत।भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह नरवरिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया के आगमन को लेकर कहा कि मिशन - 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिले की 05 विधानसभाओं में 03 पर प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ऐतिहासिक जीत मिली है,जिसमें भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया का कार्यक्रम 23 जनवरी को विधानसभाओं में आने का प्रस्तावित है। हम सब कार्यकर्ता उनके रोड शो एवं आभार सभा में अधिक से अधिक संख्या में सभा स्थलों पर पहुंचकर सफल बनायें,और जिस कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई है रोड शो एवं मंच व्यवस्था एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को व्यवस्थित सभा स्थल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वाह करेंगे।श्री नरवरिया ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत लहार,अमायन होते हुए भिण्ड बाय रोड जिले की सीमा में प्रवेश करेंगे,जहां लहार चुंगी पर क्षेत्रीय विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं





कार्यकर्ता उनकी अगुवानी करते हुए स्वागत करेगे,वहां से खुली जीप पर सवार होते हुए रोड शो प्रारंभ करेंगे,जिसमें लहार रोड,जामना रोड,अवंतीबाई चैराहा,पुलिस लाइन के सामने,मीरा कालोनी,वीरेन्द्र वाटिका स्थित हनुमान मंदिर,वीरेन्द्र वाटिका,माधौगंज हाट,जेल रोड,मुखर्जी कालोनी,किला गेट,पूर्व सांसद नरसिंहराव दीक्षित की कोठी,गढ़ैया मंदिर वाली गली तिराहा,गीता भवन तिराहा,बडे पोस्ट ऑफिस बजरिया,पाठक स्टूडिया संघ कार्यालय गली तिराहा,कटरा मोहल्ला,गांधी मार्केट,परिणय होटल,हनुमान मंदिर बजरिया,सदर बाजार,परेड चैराहा होते हुए रेल्वे स्टेशन रोड शिक्षा विभाग ऑफिस के समक्ष कार्यकर्ताओं द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया जायेगा।श्री नरवरिया ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया की आभार सभा लहार में 12 बजे स्टेडियम,अमायन 2 बजे कृषि उपज मण्डी परिसर,सायं 4 बजे भिण्ड अहिंसा चैक खण्डा रोड़ पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को स्वागत से लेकर मंच साज-सज्जा एवं रोड शो की जिम्मेदारियां भी दी गई है। भाजपा महिला मोर्चा,भाजपा किसान मोर्चा,अनु.जाति मोर्चा,भाजपा युवा मोर्चा,अल्प संख्यक मोर्चा,पिछड़ा वर्ग मोर्चा,चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं सभी मोर्चा/प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने निर्धारित स्थानों पर स्वागत करेंगे।बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष वरिष्ठ नेता केशवसिंह भदौरिया,पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव कांकर,पूर्व जिलाध्यक्ष रविसेन सैन,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ.रमेश दुबे,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती आभा जैन,रामप्रकाश तिवारी,जिला उपाध्यक्षों में अनिल कटारे,उपेन्द्र राजौरिया,उपेन्द्र शर्मा,बजरंगसिंह भदौरिया,जिला मंत्री श्रीमती पिंकी शर्मा,रश्मि खटीक, डॉ.तरूण शर्मा,मण्डल अध्यक्षों में प्रदीप भदौरिया उपेंद्र सिंह भदौरिया टीपू,अमित जैन,शेरू पचैरी, शिवकिशोरसिंह राजावत, श्यामसिंह राठौर,पूर्व अध्यक्ष पवन जैन,चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ.शिवकुमार राजौरिया, जिला कार्यसमिति सदस्य वरिष्ठ एडवोकेट रविन्द्रसिंह नरवरिया, जिला कार्यसमिति सदस्य सिद्वार्थ जैन,युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रिंस दुबे,अतुल पाठक,सुनील बाल्मीक,संतोषसिंह भारौली,राहुल जैन,नपा उपाध्यक्ष भानुसिंह भदौरिया,पार्षदों में गोलू सोनी,दशरथसिंह भदौरिया,यश जैन,रोहित शाक्य,शेखर खटीक,मोनू नरवरिया,मुबीन खान,सौरभ जैन,विशाल जैन,जनपद उपाध्यक्ष मयूरसिंह भदौरिया सहित काफी संख्या में लोग एकत्रित थे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव के जन्मदिन पर दिया भोज




दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। जिले के ग्राम डिडी में कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव का जन्मदिन सोमवार को कार्यकर्ताओ द्वारा बड़ी धूमधाम से केक काटकर मनाया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रामप्रकाश यादव के ग्रह क्षेत्र डिडी में होटल परिसर में कार्यकर्ताओ और समाजसेवियों ने पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया। जिसमे श्री त्रिमूर्ति महाराज ने भी उपस्थित होकर आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात सहभोज दिया गया। कार्यक्रम में डॉ अनिल भारद्वाज,डा.राधेश्याम शर्मा,रामहरि शर्मा, इरशाद अहमद, संदीप मिश्रा,रेखा भदौरिया,जगत सिंह, वीरेंद्र यादव,थानसिंह यादव,सुरेश यादव सरपंच,अशोक गुप्ता, इलियास खान,बबलू त्यागी,नरेंद्र मिश्रा,अनिल भारद्वाज,प्रदीप जैन गुड्डा,रणवीर सिंह भदौरिया,शेखर शुक्ला,शिवप्रताप सिंह,सोनवीर यादव, रामा सिंह राजावत , नितिन सिंह, हरनारायण शर्मा, सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता,समाज सेवी और पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# गौरव दिवस के अवसर पर मेराथन दौड़ और कब्बडी खेल का हुआ आयोजन

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

गौरव दिवस के अवसर पर खरगोन शहर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहे हैं। जिसमें नगर पालिका प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग खरगोन तथा शिक्षा विभाग खरगोन के सहयोग से आज 15 जनवरी को जिलास्तरीय बालक/बालिकाओं की मैराथन दौड (3 किलोमीटर) और कब्बडी खेल का आयोजन स्थानीय स्टेडियम मैदान पर किया गया। खेल स्पर्धा के आयोजन में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उप पंजीयन श्री आस्के, जिला खेल अधिकारी पवी दुबे, शिक्षा विभाग के खेल अधिकारी हबीब बेग मिर्जा, पार्षद श्री भागीरथ बडोले और नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती जोशी ने सभी खिलाड़ियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए परंपरागत खेल की भागीदारी की प्रशंसा की। मैराथन दौड में प्रथम आरती डाबर, 12.08, द्वितीय गायत्री मण्डलोई 13.09, तृतीय दिव्या खोडे 14.09 रही। वही बालक वर्ग में प्रथम महेश मुजाल्दे 09.58, मिनट, द्वितीय निर्मल मण्डलोई 10.00 तथा तृतीय राजेश सिसोदिया 10.15 में स्थान बनाया। कब्बडी में बालिका वर्ग में पीजी कालेज खरगोन विजेता, उपविजेता अभुदय युनिवर्सिटी और बालक वर्ग में विजेता मोगरगांव, उपविजेता टंट्या मामा एकडमी थी। खेल विभाग के खरगोन समन्वयक जीतेन्द्र हिरवे ने बताया कि इस स्पर्धा में लगभग 225 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। निर्णायक में ज्योति बाला रावत, अखिलेश शुक्ला, सत्यवीर पुरोहित, पंकज बर्डे, युएस रावत, भानुप्रताप दंशौदी, आकाश सोंलकी, सुरज पाल, जगदीश किराडे, इकबाल खान, रितिक बिल्लोरे, स्वाति शर्मा आदि का सहयोग सहरानीय रहा

# आबकारी उप निरीक्षक बने शिवा रघुवंशी से मिलने पहुंचे कांग्रेस विधायक ऋषि अग्रवाल



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पी एस सी 2019 के परीक्षा परिणाम उपरांत शिवपुरी से आबकारी उप निरीक्षक बने शिवा रघुवंशी पिता धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ग्राम सजाई को बधाई शुभकामनाएं देने पहुंचे बमोरी के कांग्रेस से युवा विधायक ऋषि अग्रवाल शिवा के गांव पहुचे हालांकि गांव पर पहुंचने के बाद उनको पता चला कि शिवा रघुवंशी फिलहाल गाँव मैं नही हैं जिस कारण विधायक जी की मुलाकात नहीं हो सकी शिवा इस वक्त भोपाल हैं तो विधायक जी उनके पिता धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की बाद में फोन पर शिवा रघुवंशी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की विधायक जी को अपने घर देखकर रघुवंशी परिवार ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया तथा उनका आभार प्रकट किया इस मौके पर गांव के लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, गजराज सिंह रघुवंशी, चंद्रपाल सिंह रघुवंशी ,शिवकुमार सिंह रघुवंशी ,चंद्र प्रकाश सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह ,मनीष ,मुनेश, रामकृष्ण सिंह ,सुनील भार्गव, भरत कुशवाह ,मांगीलाल चंदेल, संतोष कुमार चौरसिया,श्रीनिवास रघुवंशी ,नरहरी प्रसाद योगी गणेशाराम योगी आदि लोग उपस्थित रहे

# 17 जनवरी से सीसीआई सुबह 8 :30 बजे से दोपहर 03 बजे तक कपास की खरीदी करेगी



खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ
पुष्पांजलि टुडे

मंडी सचिव श्री लक्ष्मण सिंह ने समस्त किसान बन्धुओं को सूचित किया है कि भारतीय कपास निगम द्वारा मंडी समिति खरगोन में कपास की खरीदी 17 जनवरी से प्रतिदिन प्रातः 8.30 से दोपहर 03.00 बजे तक की जायेगी। भारतीय कपास निगम सी.सी.आई द्वारा प्रत्येक शनिवार को मंडी समिति में कपास खरीदी बन्द रहेगी। व्यापारियों द्वारा कपास की खरीदी पूर्ववत निर्धारित समय पर ही की जाएगी

# मास्टरमाइंड अबेकस शिवपुरी के बच्चों ने उज्जैन में रोशन किया शिवपुरी का नाम सात बच्चों ने गोल्ड तो चार ने जीते सिल्वर मेडल

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-महाकाल की नगरी उज्जैन में विगत दिवस राज्य स्तरीय मास्टरमाइंड अबेकस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शिवपुरी शहर से मास्टरमाइंड अबेकस शिवपुरी के सेंटर अग्रवाल एजुसर्व कमलागंज शिवपुरी के 19 स्टूडेंट ने हिस्सा लिया। केंद्र की संचालिका श्रीमती संगीता अग्रवाल द्वारा बताया गया कि महाकाल की कृपा से हमारे सेंटर से अबेकस की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन ट्रेनिंग प्राप्त करने वाले बच्चों ने पूरे मध्यप्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें से 7 बच्चों ने चैंपियन ट्रॉफी के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया वही चार बच्चों ने सिल्वर मेडल




के साथ प्रमाण पत्र प्राप्त कर अपने शहर के साथ-साथ केंद्र का नाम रोशन किया। संचालिका श्रीमती संगीता अग्रवाल ने अपने बच्चों की इस उपलब्धि पर बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों का धन्यवाद भी ज्ञापित किया । हम बता दें उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों में श्रेष्ठा शर्मा ने लेवल 5 में चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता वही गीत वर्मा ने लेवल 6 में प्रथम रनर का खिताब जीता, वही प्रणव राजपूत ने लेवल 2 में प्रथम रनर अप का खिताब प्राप्त किया आश्रय सिंह एवं प्रभु सिंह ने क्रमशः लेवल 9 एवं लेवल 8 में द्वितीय रनर अप का खिताब जीता तेजस राठौर ने लेवल 2 में और मानवी शर्मा ने तृतीय रनर अप की पोजीशन प्राप्त की।

# नेत्रदान से मिलेंगे नेत्रहीनों के जीवन को रंग - शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमंस सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा किनेत्रदान एक ऐसा नेक कार्य है जो नेत्रहीनों या नेत्रहीनों की दृष्टि वापस पाने में मदद कर सकता है। आंख का एकमात्र हिस्सा जिसे प्रत्यारोपित किया जा सकता है, वह है कॉर्निया, इसकी सबसे बाहरी परत। दुर्भाग्य से, कॉर्निया की भारी कमी है और आपूर्ति और मांग के बीच भारी असंतुलन है।ग्लोबल ओनर यूनिवर्सिटी डायरेक्टर ऑफ़ एकेडमिक डॉ कंचन जैन ने कहा कि आमतौर पर केवल कॉर्निया जो आंख की सबसे बाहरी परत होती है, बहुत धीरे से निकाली जाती है। आंखें तभी दान की जा सकती हैं जब डोनर को उनकी जरूरत न हो, यानी डोनर की मौत के बाद। हममें से जो लोग हमारी मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करना चाहते हैं, उन्हें जीवित रहते हुए उन्हें गिरवी रखने की जरूरत होती है। जब हम जीवित होते हैं, तो उन्हें स्वस्थ रखना महत्वपूर्ण है, ताकि रिसीवर हमारे बाद उनका अच्छी तरह से उपयोग कर सके। अपनी आँखें गिरवी रखना एक नेक कार्य है। यह सुनिश्चित करता है कि आपके न रहने के बाद भी आपकी आंखें किसी और को दुनिया देखने में मदद करती रहेंगी।

## मोदी जी ने मंदिरों को लेकर स्वछता को लेकर दिया संदेश, ऊर्जा मंत्री की टीम ने स्वछता को लेकर उठाया कदम।





दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर-प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा मंदिर परिसर में स्वछता को लेकर संदेश दिया गया था जिसके बाद सम्पूर्ण भारत वर्ष में मंदिर के परिसरों में भारत वर्ष में लोग सफाई में जुट गये, जिससे कि मंदिर परिसर में किसी प्रकार की गंदगी न मिले, जिसके चलते ग्वालियर में जहाँ ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर ने भी स्वछता को लेकर सफाई करके संदेश दिया जिसके बाद से उनके कार्यकर्ताओ ने भी ठान लिया है कि उनके आस पास जितने भी मंदिर या फिर सिद्ध स्थान है उनके आस पास किसी प्रकार की गंदगी नही होने देंगे, जिसके चलते ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की टीम ने सभी साथियों के साथ मंदिरों व तीर्थ स्थलों को स्वच्छ बनाने के अभियान में आज सभी साथियो के साथ प्राचीन गणेश मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई की और मन्दिर के आस पास जितनी भी गंदगी उसको पूरी तरह से साफ कर दिया साथ ही सभी को संदेश दिया कि अपने आस पास जो मन्दिर है उनको साफ सुतरा रखने का प्रयास करे, इस कार्य मे वार्ड 7 के युवा समाजसेवी साकेत सेंगर, रोहित तिवारी के साथ अन्य लोग भी शामिल रहे,

## पूर्वजों की परंपरा एवं सनातनी पर्वों का निरंतर निर्वाह कर रही है हजारा बिरादरी; सिकरवार

ग्वालियर 15 जनवरी लोहड़ी का पर्व आते ही पंजाबी समाज मै एवं बिरादरियों में पर्व को मनाने की उमंग को लेकर तैयारी शुरू हो जाती हैं तो वही पंजाबी समाज की हजारा बिरादरी जो हर वर्ष 14 जनवरी को ही लोहड़ी पर पारंपरिक तरीके से बड़े ही हर्ष और उल्लास से मनाती हैजो आज हजारा बिरादरी द्वारा हजारा सुंदर भवन जनकगंज में शाम 7-00 बजे से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम केमुख्य अतिथि श्री डॉ सतीश सिकरवार सतीश (विधायक) एवं श्रीमती शोभा सिकरवार (महापौर) विशिष्ट अतिथि श्री दुष्यंत साहनी समाजसेवी बिरादरी के बुजुर्ग श्री जगदीश लाल जी साहनी बिरादरी के अध्यक्ष हरीश साहनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर श्री गणेश जी वं सरस्वती एवं श्री राम जी का पूजन करने के बाद बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एवं बच्चों को गेम खिलाए गए और विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार दिए गए साथ ही मुख्य अतिथि श्री सतीश सिकरवार विधायक एवं श्रीमती शोभा



सिकरवार महापौर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में सभी को लोहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहां कि हजारा बिरादरी अपने पूर्वजों की परंपरा एवं सनातनी पर्वों का निरंतर निर्वाह कर रही है और पर्वो को मनाने का बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह है अध्यक्ष हरीश साहनी एवं सचिव अरविंद धवन एवं दीपानंद शास्त्री, त्रिलोक वोहरा,सुनील कोहली, वीरेंद्र आनंद, राकेश अरोड़ा ,पिशोरी लाल अरोड़ा, संजय साहनी ,लोकेश आनंद ,श्रीमती वैशाली साहनी, श्रीमती सीमा आनंद ,हर्ष अरोरा द्वारा बिरादरी के बुजुर्ग दंपति श्री जगदीश लाल साहनी एवं श्रीमती रेखा साहनी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर सतीश सिकरवार विधायक एवं श्रीमती डॉक्टर शोभा सिकरवार महापौर का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम में पंजाबी परिषद चंबल संभाग के अध्यक्ष कन्हैया लाल आनंद पंजाबी सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा संयुक्त अध्यक्ष सत्यपाल बत्रा, तिलक राज बेरी, डॉ प्रेम अरोड़ा, अशोक सहगल, विनोदसूरी, पुरानचंद खत्री, अनिल शर्मा ,अनिल मलिक , नरेंद्र बेदी, हरीश नागपाल, गिरीश सतीजा,अनिल गांधी, हरीश अमरपुरी पंजाबी सभा के अध्यक्ष नीरज डाबर, बबीता डाबर, रजनी शर्मा, वंशिका शर्मा ,प्रिंस शर्मा ,राजू पंडित व बिरादरी एवं समाज के प्रबुद्ध गण परिवार सहित उपस्थित रहें मीडिया प्रभारी राजू पंडित पंजाबी सेवा समिति जंग बिरादरी द्वारा 19 जनवरी शुक्रवार को होगा

## श्रीराम के जयकारों के साथ प्रधानमंत्री को भेजे 1000 से अधिक पत्र, कैट ने 22 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की

### 22 जनवरी को बाजारों को सजायेंगे, रामधुन होगी एवं भंडारे भी होंगे

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा ''शहर-शहर अयोध्या, बाजार-बाजार अयोध्या'' कार्यक्रम के तहत अभियान के पत्रक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गये। श्री जैन ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की और उनके चरणों में सारे पत्र एवं सचिव रवि गर्ग, कार्यक्रम संयोजक कमल अग्रवाल व सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल सहित सभी व्यवसाईयों और कैट पदाधिकारियों ने थालियों



22 जनवरी को राम राज्य दिवस घोषित करने एवं राष्ट्रीय अवकाश की मांग को लेकर शहर भर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। आज कैट म.प्र. अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन के मुख्यातिथ्य में राम मंदिर फालका बाजार से श्रीराम के जयकारे के साथ 1000 से अधिक पत्र एवं हस्ताक्षर हस्ताक्षरयुक्त पत्रक रखे एवं उन्हें प्रधानमंत्री को भेजने के लिए प्रेषित किये। कैट ने 22 जनवरी को इस ऐतिहासिक दिवस को जीवंत रखने के लिए मांग की है कि राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाये। श्रीराम मंदिर फालका बाजार व्यवसाई संघ के अध्यक्ष रामकिशोर गुप्ता बबलू, में सजाकर पत्र एवं पत्रकों को रखा गया। फूल, माला एवं प्रसाद के साथ भगवान श्रीराम एवं सीता मैया के चरणों अर्पित किया और जयकारा लगाते हुए प्रधानमंत्री से मांग की कि वह कैट की मांग स्वीकार करें। कैट ने विभिन्न बाजारों में ''राम-संवाद'' के आयोजन किये एवं तय हुआ कि किसी बाजार में तीन दिन का, किसी बाजार में 7 दिन का उत्सव मनाया जायेगा। बाजारों में लाईटिंग, सजावट, सुन्दरकांड, राम धुन के साथ-साथ भंडारे आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी में श्रीराम मंदिर फालका बाजार व्यवसाई संघ ने इस अवसर पर घोषणा की कि 22 तारीख को सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक 5 क्विंटल मीठी बूंदी का प्रसाद फालका बाजार पुलिस चौकी पर वितरित किया जायेगा। कैट के ''राम-संवाद'' से प्रत्येक बाजार में उत्साह का वातावरण है और व्यापारी आगे बढ़कर उत्साह के साथ कार्य कर रहे हैं। आज के कार्यक्रम में कैट के प्रदेश महामंत्री रवि गुप्ता, जिला महामंत्री मनोज चौरसिया, कार्यालय सचिव मुकेश अग्रवाल (भिण्ड), कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, प्रवक्ता नीरज चौरसिया, कैट म.प्र. यूथ विंग के प्रभारी आकाश जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती बबीता डावर, अमित अरोरा, मीडिया प्रभारी ललित जैन, दिवाकर चतुर्वेदी, व्यवसाई सुनील कोहली, नंदकिशोर अग्रवाल, समद

## भारत सरकार के विजन और 54 पहल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो: मंत्री सारंग

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत सरकार की विजन एवं 54-पहल के क्रियान्वयन कार्य समय-सीमा में सुनिश्चित हों। इसके लिये कार्यालय में एक अलग से डेस्क बनायें। मंत्री सारंग ने मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा की।मंत्री सारंग ने विभाग के महत्वपूर्ण आयाम एवं नवाचारों पर कार्य करने के आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधितों को दिये। उन्होंने सहकारी संस्थाओं में बेहतर गवर्नेंस के लिये उपायों का निर्धारण एवं मॉनीटरिंग करने को कहा। उन्होंने विभागीय गतिविधियों में पारदर्शिता लाने के लिये तकनीकी का समावेश करने के निर्देश दिये। सारंग ने बैंकिंग व्यवस्था में वर्तमान स्थिति, चुनौतियों सहित भविष्य की कार्य-योजना पर भी चर्चा की। मंत्री सारंग ने विभागीय नवाचारों के लिये सहकारिता चिंतन शिविर सहित सहकारिता में गुड कॉर्पोरेट गवर्नेंस व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने सहकारी बैंक व्यवस्था में



आरबीआई मापदण्डों अनुसार इंटरनेट बैंकिंग आरटीजीएस को लागू करने को भी कहा।मंत्री सारंग ने ग्रामीण व्यवसाय को सहकारिता के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक विकसित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने सहकारिता के माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने को भी कहा। केन्द्र सरकार की योजनाओं पर मध्यप्रदेश की पहल की स्थिति का प्रजेंटेशन दिया गया, जिस पर आवश्यक दिशा-निर्देश मंत्री सारंग ने दिये। बैठक में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**मंत्रालय स्थित कक्ष में किया कार्यभार ग्रहण**-मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आज मंत्रालय स्थित अपने कक्ष में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती स्मिता भारद्वाज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

**योजनाओं का लाभ जिनका अधिकार है उन्हें भटकना न पड़े, यही मोदी की गारंटी है - प्रधानमंत्री मोदी**

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री मोदी की पीएम जनमन के लाभार्थियों से बातचीत में उज्जैन से वुर्चअली हुए

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिवपुरी जिले के ग्राम हातोद की ललिता आदिवासी और विद्या आदिवासी ने वर्चुअली की चर्चा

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम जनमन के हितग्राहियों शिवपुरी जिले के ग्राम हातोद की ललिता आदिवासी और विद्या आदिवासी से वर्चुअली चर्चा की।प्रधानमंत्री मोदी ने ललिता आदिवासी से अपने बारे में जानकारी देने के लिए कहा। ललिता ने बताया कि बड़ी बेटी छठवीं में पड़ती है और उसे छात्रवृत्ति व स्कूल यूनिफार्म मिली है और सुकन्या समृद्धि योजना में भी उसका खाता खुला है, जिसमें परिवार ने 8000 रूपए जमा किए हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना का भी बेटी को लाभ मिला है। दूसरा बेटा ध्रुव है, जो दूसरी क्लास में पड़ रहा है, उसे भी स्कूल यूनिफार्म और मध्यान्ह भोजन मिलता है। तीसरा बेटा आंगनवाड़ी में जा रहा है। ललिता ने बताया कि वे स्वयं, शीतला माता स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं, जिससे गौशाला संचालित करने का काम मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने ललिता जी द्वारा त्वरित रूप से दी गई जानकारी की प्रशंसा की।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हम सब आभारी हैं-प्रधानमंत्री मोदी ने ललिता जी से कहा कि आपका पक्के घर का सपना पूरा होने जा रहा है, आपको आज पहली किस्त भी मिलने जा रही है। ललिता आदिवासी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने पिछड़े आदिवासी गांव के बारे में सोचा, जनमन योजना के अंतर्गत सभी योजनाओं का लाभ हमारे समुदाय को उपलब्ध कराया, उसके लिए हम सब आपके बहुत आभारी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्राम हातोद के सभा स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली बच्चियों को भी बातचीत के लिए प्रोत्साहित किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिल रही है जानकारी-प्रधानमंत्री मोदी ने ललिता आदिवासी से पूछा कि उन्हें जनमन योजना के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त हुई और इस योजना के अंतर्गत उन्हें क्या-क्या लाभ प्राप्त हुए। ललिता ने बताया कि उनके स्व-सहायता समूह को अधिकारियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गांव में आई रैली से जानकारी प्राप्त हुई। जनमन से उन्हें आवास स्वीकृत हो गया है। अपने घर के बारे में उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था, मकान बनने से उन्हें और उनके परिवार को बहुत प्रसन्नता होगी। उन्होंने बताया कि ससुर कृष्णा आदिवासी को केसीसी का लाभ मिला, बच्चों के आधार कार्ड बन गए, बच्चों का जाति प्रमाण-पत्र भी बन गया है। गांव में पहले 310 आयुष्मान कार्ड थे जनमन योजना से 100 आयुष्मान कार्ड गांव में और बने हैं। गांव में सभी महिलाओं के पास उज्जवला गैस कनेक्शन था पर यात्रा से नई बहुओं को भी गैस कनेक्शन मिल गए। इस तरह गांव में 20 उज्जवला के कनेक्शन और हो गए है। गांव में नल-जल योजना का काम भी चल रहा है जिससे हमें शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ललिता जी से गांव के विकास की योजना के संबंध में पूछा तथा उनकी सूझबूझ, प्रस्तुतीकरण और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। ललिता जी ने कहा कि स्व-सहायता समूह से ही उन्हें अपने आप को सही तरीके से अभिव्यक्त करने और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण मिला है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी को मॉडल से बताया गांव का विकास-प्रधानमंत्री श्री मोदी को विद्या आदिवासी ने ग्राम विकास के संबंध में जानकारी दी। विद्या आदिवासी ने बताया कि वे वैष्णो देवी स्व-सहायता समूह का संचालन करती हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना से बच्चों के आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र आदि बन गए हैं और गाय व पशुधन के लिए शेड भी स्वीकृत हो गया है। उन्होंने बताया कि जब वे शादी होकर वे ग्राम हातोद आई थी, तब पूरे गांव में केवल कच्चे मकान थे। मैं शिवपुरी की रहने वाली थी और यहां गांव में कोई सुविधा नहीं थी। आज हमारा यह गांव सुंदर और सर्वसुविधा संपन्न है। विद्या आदिवासी ने एक मॉडल के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी को बताया कि गांव में पानी की टंकी, नल, बिजली, पक्की सड़क और सामुदायिक केंद्र है, जहां गांव वाले गणेश उत्सव पर गणेश जी की स्थापना करते हैं और उत्सव मनाते हैं। उन्होंने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है। गांव में पहले एंबुलेंस नहीं आती थी, अब सुविधा हो गई है। इससे गर्भवती महिलाओं को राहत मिली है, फोन लगाने पर एंबुलेंस गांव तक आ जाती है और गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अब शिवपुरी ले जाना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी को उन्होंने मॉडल के माध्यम से गांव में आंगनवाड़ी, स्कूल, अपना घर और अपनी सहेलियों के घर आदि दिखाएं।

हर नागरिक को योजनाओं का लाभ मिले-प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विद्या आदिवासी से चर्चा में कहा कि विद्या ने विद्या को पूरी तरह आत्मसात कर लिया है। श्री मोदी ने विद्या जी द्वारा गांव के मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब देश में आपकी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ललिता आदिवासी और विद्या आदिवासी से चर्चा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आपसे बातचीत से पता चलता है कि पीएम जनमन योजना से शासकीय योजनाओं का लाभ वास्तव में लोगों को मिल रहा है। सभी को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ देने के लिए कैंप भी लगाए जा रहे हैं। हमारी सरकार की यही कोशिश है कि एक-एक नागरिक को योजनाओं का लाभ पहुंचे, लाभ मिलना जिनका अधिकार है उन्हें कहीं भटकना न पड़े, यही मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रशंसा की तथा बच्चियों को आशीर्वाद प्रदान किया।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम आवास योजना के एक लाख लाभार्थियों को जारी की पहली किस्त-प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम-जनमन के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इसके साथ ही 893 करोड़ लागत के 541 टोलों में 1200 किलोमीटर सड़क निर्माण, 298 करोड़ की लागत के 70 हजार 263 घरों में विद्युतीकरण परियोजना, 20 करोड़ की लागत के 405 वन धन विकास केन्द्रों, 126 करोड़ की लागत के 916 आंगनवाड़ी केन्द्रों, 270 करोड़ की लागत के 450 मल्टीपरप्स केन्द्रों, 275 करोड़ की लागत के 100 छात्रावासों, 34 करोड़ की लागत के 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और 240 करोड़ की लागत के 206 मोबाईल टॉवर की स्वीकृति प्रदान की।

शिवपुरी जिले में इस अभियान के तहत इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना में करीब 32000 सहरिया परिवारों को शामिल किया गया है। 6319 आधार कार्ड, 1279 खाद्यान्न पर्ची, 2080 उज्जवला गैस कनेक्शन और 63000 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 900 किसानों को जोड़ा है। 272 किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन के 1954 खाते खोले गए हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 209 पंजीयन, सुकन्या समृद्धि योजना में 601 और 3000 से अधिक सहरिया लोगों के जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए है। प्रस्ताव भेजे गए हैं। अभी 10 मेडिकल यूनिट, 29 आंगनवाड़ी और 38 मल्टीपरपज सेंटर सहित 9 वन धन केंद्र की स्वीकृति हो गई है। इसके अलावा ऐसे गांव जहां कनेक्टिविटी की समस्या है वहां मोबाइल टावर, सड़क, पानी, सोलर लाइट, छात्रावास, आदि के लिए भी काम किया जा रहा है।यह रहे उपस्थितयहां हातोद में आयोजित कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सांसद डॉ के पी यादव, सांसद विवेक सेजवलकर, विधायक शिवपुरी देवेंद्र जैन, करैरा रमेश खटीक, कोलारस महेंद्र यादव, पिछोर प्रीतम लोधी, जिला अध्यक्ष राजू बाथम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनजातीय कार्य विभाग के ए सी एस एस एन मिश्रा, अपर आयुक्त सतेंद्र सिंह, नेस्ट आयुक्त असित गोपाल, संभागायुक्त दीपक सिंह सहित अन्य अधिकारी जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।।

## योजनाओं का लाभ जिनका अधिकार है उन्हें भटकना न पड़े, यही मोदी की गारंटी है पीएम मोदी



भोपाल 7 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ÷पीएम जनमन अंतर्गत पीएमवाई (जी) के लाभार्थियों से बातचीत कार्यक्रम÷ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कलेक्ट्रेट उज्जैन से वर्चुअली शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम-जनमन के शिवपुरी जिले के ग्राम हातोद की हितग्राही श्रीमती ललिता आदिवासी और श्रीमती विद्या आदिवासी से वर्चुअली चर्चा की।प्रधानमंत्री मोदी को श्रीमती ललिता ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी छठवीं में पढ़ती है, उसे छात्रवृत्ति, स्कूल यूनिफार्म मिली है और सुकन्या समृद्धि योजना में भी उसका खाता खुला है। लाड़ली लक्ष्मी योजना का भी बेटी को लाभ मिला है। दूसरा बेटा ध्रुव है, जो दूसरी क्लास में पढ़ रहा है, उसे भी स्कूल यूनिफार्म और मध्यान्ह भोजन मिलता है। तीसरा बेटा आंगनवाड़ी में जा रहा है। श्रीमती ललिता ने बताया कि वे स्वयं, शीतला माता स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं, जिससे गौशाला संचालित करने का काम मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीमती ललिता द्वारा तत्परता से दी गई जानकारी की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीमती ललिता से कहा कि आपका पक्के घर का सपना पूरा होने जा रहा है, आपको आज पहली किस्त भी मिलने जा रही है। श्रीमती ललिता ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने पिछड़े आदिवासी गांव के बारे में सोचा, जनमन योजना के अंतर्गत सभी योजनाओं का लाभ हमारे समुदाय को उपलब्ध कराया, उसके लिए हम सब आपके बहुत आभारी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्राम हातोद के सभा स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली बच्चियों को भी बातचीत के लिए प्रोत्साहित किया।प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीमती ललिता से पूछा कि उन्हें जनमन योजना के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त हुई और इस योजना के अंतर्गत उन्हें क्या-क्या लाभ प्राप्त हुए। श्रीमती ललिता ने बताया कि उनके स्व-सहायता समूह को अधिकारियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गांव में आई रैली से जानकारी प्राप्त हुई। जनमन से उन्हें आवास स्वीकृत हो गया है। अपने घर के बारे में उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था, मकान बनने से उन्हें और उनके परिवार को बहुत प्रसन्नता होगी। उन्होंने बताया कि उनके श्वसुर श्री कृष्णा आदिवासी को केसीसी का लाभ मिला, बच्चों के आधार कार्ड बन गए, बच्चों का जाति प्रमाण-पत्र भी बन गया है। गांव में पहले 310 आयुष्मान कार्ड थे, जनमन योजना से 100 आयुष्मान कार्ड गांव में और बने हैं। गांव में सभी महिलाओं के पास उज्जवला गैस कनेक्शन था पर विकसित भारत संकल्प यात्रा से नई बहुओं को भी गैस कनेक्शन मिल गए। इस तरह गांव में उज्जवला के 20 कनेक्शन और ब? गए है। गांव में नल-जल योजना का काम भी चल रहा है जिससे हमें शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीमती ललिता से गांव के विकास की योजना के संबंध में पूछा तथा उनकी सूझ-बूझ, प्रस्तुतीकरण और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। श्रीमती ललिता ने कहा कि स्व-सहायता समूह से ही उन्हें अपने आप को सही तरीके से अभिव्यक्त करने और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण मिला है।प्रधानमंत्री मोदी को श्रीमती विद्या ने ग्राम विकास के संबंध में जानकारी दी। श्रीमती विद्या ने बताया कि वे वैष्णो देवी स्व-सहायता समूह का संचालन करती हैं। प्रधानमंत्री-जनमन योजना से बच्चों के आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र आदि बन गए हैं और गाय व पशुधन के लिए शेड भी स्वीकृत हो गया है। उन्होंने बताया कि जब वे शादी होकर वे ग्राम हातोद आई थी, तब पूरे गांव में केवल कच्चे मकान थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478